## संक्षिप्त

### खंगार जयंती समारोह का आयोजन

**दूदू ।** नगर पालिका मुख्यालय पर फागी रोड स्थित एक निजी गार्डन सभागार में राजपूत सभा विधानसभा दूदू एवं महाराज खंगार जी एस एस ट्रस्ट के तत्वाधान में खंगार जयंती समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री राजस्थान सरकार डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा द्वारा खंगार जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया पश्चात अतिथियों का समिति द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नरेना स्थित दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज द्वारा विचार व्यक्त किए गए पश्चात वक्ताओं में उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बेरवा अध्यक्ष राजपूत समाज जयपुर राम सिंह चंदलाई अध्यक्ष जयपुर देहात भरत सिंह नाथावत अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पूर्व समाज कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सरोज कुमारी द्वारा खंगार जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनकी स्मृतियां के बारे में बताया गया समारोह में आसपास के गांवों से महिलाओं ने भी पहुंच कर भाग लिया समारोह के दौरान चारण राव आमेरा बड़वा रावणा राजपूत समाज की समितियों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया

### प्रागपुरा में 26 को श्रीरामनवमी शोभायात्रा

**पावटा।** श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर 26 मार्च गुरुवार को प्रागपुरा में भव्य श्रीरामनवमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। हिंदू उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम जनता प्रागपुरा के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे गुजेडा मंदिर से सुभाष चौक प्रागपुरा तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार इस बार शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। अलवर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सुंदर और आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी, जो भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों को दर्शाएंगी। वहीं धार्मिक वातावरण को और भव्य बनाने के लिए मथुरा-वृंदावन के अखाड़ों के साधु-संत भी शोभायात्रा में शामिल होंगे।


**खोया पाया**

मेरे मकान संख्या-124/183 मानसरोवर का कब्जा पत्र कहीं खो गया। मिलने पर सूचित करें- संतोष जैन 9672196376

**नाम परिवर्तन**

मैं मोहम्मद शमशाद पुत्र इस्लाम निवासी डब्ल्यू-13, लक्कड, पत्थर मंडी आमागढ, शक्ति कॉलानी दिल्ली बाईपास जयपुर मैंने अपना नाम शमशाद से मोहम्मद शमशाद रख लिया है। भविष्य में मुझे मोहम्मद शमशाद के नाम से जाना जावें।

मैंने अपना नाम राजीव कुमार भोगवान से बदलकर राजीव चौधरी पुत्र गुरू बचन भोगवान रख लिया है। भविष्य में मुझे राजीव चौधरी के नाम से जाना जाएगा। पता सेंट्रल पार्क के सामने, संझरिया रोड, मैन अजमेर रोड, ठिकरिया, जयपुर।

मैंने अपना नाम त्रिलोक कुमार जांगिड से बदलकर त्रिलोक कुमार पुत्र श्री महेश चंद जांगिड कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-प्लाट नं. 249 ग्राम भैसीना, जिला भरतपुर, राजस्थान

मैं कमरूद्दीन पुत्र अजीमुल्ला मेरे पिताजी का नाम अजीम शाह और अजीमुल्ला दोनो नाम मेरे पिताजी के ही है वास्तविक नाम अजीमुल्ला है भविष्य में इन्हें अजीमुल्ला के नाम से जाना जावें पता-31-ए, पंचवटी कॉलोनी रावल जी का बंधा, खातीपुरा रोड, स्टेशन रोड जयपुर राजस्थान-332006

I Sarita duck R/o 421, Rani sati nagar, Nirman nagar Jaipur has changed my name from Sarita duck kothari to Sarita duck for all future purpose

I army no 3183163F Ex HAV Sukh deo singh resident of plot no 1 Balaji vihar-30 Benar road jhotwara jaipur that i want to change my daughter name from SONU To SONU KUMARI BALYAN vide affidavit dated 27 feb 2026 before sub divisional majistrate Jaipur city first Jaipur

नम्बर मिलाइए 9587884433




सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ‘प्रशिक्षण पार्टी के रीति नीति से जुड़ाव व विचारों से निकटता का माध्यम’

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा की प्रशिक्षण एक माध्यम है जिसके द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता स्व:आत्म विश्लेषण करता है इसके उपरांत पार्टी की रीति नीति से उसका जुड़ाव अधिक गहरा होता है एवं पार्टी की विचारधारा से उसकी निकटता आती है

भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय स्तर से लेकर मंडल स्तर तक इस प्रकार की प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है

इन प्रशिक्षण कार्यशालाओ मे अलग-अलग सत्रों में मुख्यत:सात विषयों के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा

इनमें वैचारिक अधिष्ठान पार्टी इतिहास कार्य विस्तारकार्य प्रगति केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि सोशल मीडिया, ् एवं नमो एप तथा बूथ प्रबंधन प्रमुख है मंडल स्तर पर यह प्रशिक्षण कार्यशाला दो दिवसीय होगी




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का आयोजन हुआ।

■ जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों पर प्रकाश डाला

जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण महा अभियान कार्यशाला में मंडल स्तर पर प्रशिक्षण के प्रमुख विषयों पर प्रकाश डालने के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार की अनेक जन एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों जैसे उज्ज्वला योजना, सूर्याधर योजना, अटल भूजल योजना, मां वाउचर योजना, जल जीवन मिशन, पशुपालकों के लिए निशुल्क मोबाइल वैन,कुसुम योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि को विस्तार से बताया तथा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में अलवर जिले को मिली विकास की अनेक सौगातो के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राज्य वन मंत्री संजय शर्मा का आभार व्यक्त किया।

कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, संजय नरूका,विशेष आमंत्रित सदस्य जय राम जाटव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनवारी लाल सिंघल, जय आहूजा, भाजपा नेता बना राम मीणा,जिला महामंत्री नरेश गोयल, देशराज खरेरा, ऋषि राज शर्मा, उपाध्यक्ष हरिशंकर खंडेलवाल, हरीश यादव, हुकुम फागना,मीना सैनी, अभिराम दीक्षित, प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा,कान सिंह नरूका,नरेश ढाणावत, दीपक शर्मा, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान,जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी अरुण जैन,शह प्रभारी अजय शर्मा, रीटा सेठी, युवा मोर्चा अध्यक्ष तरुण जैन, एससी मोर्चा अध्यक्ष सीताराम किरण, मंडल अध्यक्ष सतीश यादव, जितेंद्र सैनी, जितेंद्र राठौर,महेश निहलवानी,सूबे सिंह चौधरी, प्रकाश दीक्षित, पंकज कटारा, सियाराम पटेल, योगेंद्र शर्मा,सतीश पटेल,विक्रम शर्मा, भाग्यशाली सैनी, महेंद्र यादव, सुमन चौधरी, अंजू शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा बलवीर चौधरी बबलू गुप्ता आदि उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

### शीतला माता की पूजा कर लगाया भोग

**निवाई।** बुधवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शीतलाष्टमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से ही महिलाएं समूह में इक-1 होकर माताजी के गीत गाते हुए शीतला माता जी के मंदिर पहुंची। जहां पर पूजा-अर्चना कर ठण्डे भोजन का भोग लगाया। इस मौके पर महिलाओं ने माता शीतला की कहानी सुनकर परिवार में समृद्धि व निरोगी रखने की मनोकामना की। शहर में शीतलाष्टमी पर मायला कुंड पर स्थित शीतला माताजी के मंदिर में महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा। अल सुबह से ही शीतला माता मंदिरों में पूजा के लिए महिलाओं का तांता लगा रहा। घरों में महिलाओं ने मंगलवार की शाम को ही भोजन बनाया। भोजन में राबडी, चावल व दाल की पूडिया, पुआ व पुड़ी सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए। जिसको शीतला माता की पूजा कर बासा भोजन किया। महिलाएं सज धजकर हाथों में पूजन व बास्योड़ा भोजन की थाली लिए हुए मंदिर पहुंची। शिवाजी कॉलोनी टीलेश्वर महादेव मंदिर सहित कई मंदिरों में महिलाओं ने शीतला माता की पूजा कर माताजी

## सरकारी मदद नहीं मिलने पर चंदा मांग कर किया जा रहा है श्मशान घाट का निर्माण

**किशनगढ़ बास।** डबल इंजन की सरकार में बड़े से बड़ा और छोटे से छोटा कार्यकर्ता हर घर तक विकास की बात कर रहा है, पर एक घर के विकास पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जहां गरीब अमीर में भेदभाव नहीं होता है, जहां आत्मा को मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती वहां पर लोगों को चंदा इकट्ठा कर उस जगह का विकास करना पड़ रहा है। लोग चंदा दे रहे जितना मांग रहे उससे अधिक दें रहे पर यह सवाल जरूर कर रहे हैं कि सांसद, विधायक और चैयरमेन

■ सरकार दावा हर घर तक विकास और जो सबका है उस पर किसी नेता की नजर नहीं, वहां विकास के नाम पर चंदा मांगना पड़ रहा हैं

यह व्यथा है किशनगढ़ बास के बासड़ा रोड स्थित शहर के प्रमुख श्मशान घाट की। जिसका विस्तार करने के लिए एक भामाशाह ने नि:शुल्क लाखों रुपए की अपनी जमीन करीब 4 से 5 साल पहले दान की। नेताओं के आश्वासन के चलते सालो से जमीन पर चार दिवारी व हाल निर्माण सरकारी मदद नहीं हो सका, कमेटी सदस्यों की ओर से कई बार इसके लिए जनप्रतिनिधियों को कहा गया परन्तु कहीं से पैसा नहीं मिला। अब हार कर कमेटी के लोगों को शहर वासियों से निर्माण के लिए चंदा मांगना पड़ रहा है।

सवाल उठ रहे हैं कि क्या श्मशान घाट में निर्माण कराने की जिम्मेदारी केवल शहरवासियों की ही बनती है नगर पालिका और सांसद, विधायक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। क्या वह अपने सरकारी विकास कोष से इसके लिए राशि आवंटित नहीं कर सकते हैं। क्या यह जगह हर घर विकास की श्रेणी अलग है यहां का विकास जरूरी नहीं है।

श्मशान घाट के जीणोद्धार के लिए ऐसा नहीं कि कमेटी शहर में पहली बार चंदा मांग रही इससे पहले भी ऐसे ही करीब 10 लाख से ज्यादा का चंदा इकट्ठा कर श्मशान का जीणोद्धार कराया जा चुका है। इस बार भी लकड़ी रखने के लिए हाल निर्माण व बैठने की व्यवस्था करने के लिए कमेटी को 15 से 20 लाख रुपए की आवश्यकता है। जिसके लिए चंदा किया जा रहा है। अब बात आती है कि बार बार श्मशान घाट के लिए चंदा करने की नौबत क्यों आ रही है।

क्या सांसद, विधायक, चैयरमेन के पास श्मशान घाट के जीणोद्धार के लिए कोई सरकारी कोष में पैसा नहीं है, या फिर सिस्टम की कमी है। यह तो सांसद, विधायक और चैयरमेन ही जनता को बता सकते हैं परंतु यह एक बड़ा सवाल शहर वासियों के बीच है। बात यह हो रही है कि जब श्मशान के निर्माण कार्य के लिए बिना कोई संकोच और सवाल किए शहर का हर एक व्यक्ति चंदा दे सकता है तो फिर सरकार से मिलने वाले विकास कोष से राशि क्यों नहीं मिल सकती है।

### लालसोट हाइवे की घाटी बदलेगी सूरत

**लालसोट।** दौसा-लालसोट हाइवे पर स्थित घाटी क्षेत्र अब जल्द ही नई पहचान के साथ नजर आएगा। वर्षों से उपेक्षा झेल रही इस घाटी को आकर्षक और सुरक्षित बनाने के लिए करीब 1 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से बड़े स्तर पर सौंदर्यीकरण कार्य शुरू किया गया है। योजना के तहत सड़क किनारे फुटपाथ निर्माण, पौधारोपण और हरित पट्टी विकसित कर पूरे इलाके का कायाकल्प किया जाएगा।

पूर्व सभापति एवं एडवाइजरी कमेटी एपीएमसी सदस्य पंकज पाठक ने बताया कि घाटी क्षेत्र में बढ़ते यातायात और अव्यवस्था के कारण यहां विकास कार्य की लंबे समय से मांग की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की गई है। इसके तहत सड़क के दोनों ओर मजबूत फुटपाथ बनाए जाएंगे, जिससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित मार्ग मिलेगा और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी।

उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत करीब 67 लाख रुपये की लागत से व्यापक पौधारोपण कर हरित पट्टी विकसित की जाएगी। घाटी क्षेत्र में सैकड़ों पौधे लगाए जाएंगे।

## शीतलाष्टमी पर ब्याई माता मंदिर में आस्था का उमड़ा सैलाब

**लालसोट।** उपखंड क्षेत्र के डिगो गांव की पहाड़ियों के बीच विराजित प्रसिद्ध ब्याई माता मंदिर में शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को आयोजित मेले में आस्था का जबरदस्त सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही हजारों श्रद्धालु परिवार सहित माता के दरबार में पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की मनौतियां मांगी। मंदिर परिसर दिनभर माता के जयकारों और लांगूरिया गीतों से गुंजायमान रहा, जहां महिला-पुरुषों ने भक्ति भाव से झूमते हुए नृत्य किया। माता की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

मेले के अवसर पर ग्राम पंचायत डिगो के तत्वावधान में कुश्ती दंगल, घुड़ दौड़, ऊंट दौड़ और नाल उठाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं को देखने के लिए हजारों ग्रामीण घंटों तक मैदान में डटे रहे। करीब एक क्विंटल वजनी नाल उठाने के लिए एक दर्जन पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जिसमें निर्मल केमरी ने दमखम दिखाते हुए बाजी मारी।



शीतला अष्टमी के अवसर पर ब्याई माता मेले में दंगल और नाल उठाने में पहलवानों ने दम दिखाया ।

वहीं कुश्ती दंगल की अंतिम कुश्ती में डिगो के शेर सिंह और अमावरा के पहलवान सुरेश के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों पहलवानों ने दमदार दांव-पेंच लगाए, लेकिन निर्णायक भी नतीजा घोषित नहीं कर सके, जिसके चलते दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। घुड़ दौड़ प्रतियोगिता में भरोसी लाल ने पहला स्थान हासिल किया।

## अवैध पार्किंग व अव्यवस्थित खड़े वाहनों से आमजन परेशान

**पावटा।** कस्बे की सर्विस रोड और अंडरपास के आसपास अवैध पार्किंग व अव्यवस्थित खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े दोपहिया और चारपहिया वाहनों से यातायात बाधित हो रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ ट्रैफिक पुलिस तैनाती की मांग

व्यापारियों व स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र और अंडरपास के पास वाहन चालक अपनी गाड़ियां सड़क किनारे और कई बार बीच सड़क में ही खड़ी कर देते हैं। इससे सर्विस रोड संकरी हो जाती है और थोड़ी सी भी भीड़ होने पर लंबा जाम लग जाता है। सुबह और शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब बड़ी संख्या में वाहन यहां से गुजरते हैं। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि एम्बुलेंस व अन्य आपातकालीन वाहन भी कई बार जाम में फंस जाते हैं, जिससे मरीजों और राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि अंडरपास क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती नहीं होने से यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित हो जाता है। यदि यहां ट्रैफिक पुलिस की स्थायी ड्यूटी लगाई जाए और अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई की जाए तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि अंडरपास और सर्विस रोड पर ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती की जाए, अवैध पार्किंग हटाई जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आमजन को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके।

# गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ महिला कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**भरतपुर।** ऑल इंडिया महिला कांग्रेस समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह के निर्देशानुसार भरतपुर मुख्यालय पर भरतपुर महिला कांग्रेस द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

यह विरोध प्रदर्शन महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बबीता शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर पर आयोजित किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों को आम जनता, विशेष रूप से महिलाओं और गृहिणियों पर बढ़ता आर्थिक बोझ बताया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आम परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। महिला कांग्रेस ने सरकार से मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में तुरंत कमी की जाए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।




भरतपुर मुख्यालय पर भ्घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में भारी बढ़ोतरी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

■ यह विरोध प्रदर्शन महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बबीता शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट भरतपुर पर आयोजित किया

महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही इस विषय पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो महिला कांग्रेस आम जनता के हित में आगे भी बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष आरती यश चौधरी, जिला महासचिव हेमलता जौहरी, ब्लॉक अध्यक्ष रूपवास निधि चौधरी,ब्लॉक अध्यक्ष उच्चौन रेखा, सेवर ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश,जिला सचिव रेणु, प्रिया, गुड्डी, अनु, ममता, संगीता,भानु, मीना अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पोषाहार के लिए गैस एजेंसी ने सप्लाई रोकी

**टोंक।** गैस एजेंसी के संचालक ने भारत पेट्रोलियम के मौखिक आदेश पर स्कूलों में पोषाहार के लिए गैस सिलेंडर की सप्लाई को बंद कर दी, जिसके बाद भारत गैस एजेंसी के संचालक दिनेश बुंदेल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मंगलवार को ही अवगत करा दिया है। वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर भी खत्म हो गए है। जिले की स्कूलों में अन्य गैस एजेंसियों से भी सिलेंडर की सप्लाई होती है, लेकिन अभी तक एक ही एजेंसी की ओर से गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद करने के लिए लिखित में पत्र दिया गया है। इसको लेकर अब प्रारंभिक शिक्षा के कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि एक गैस के संचालक से स्कूलों में पोषाहार बनाने के लिए गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद करने का लेटर कल आया था। उसका जवाब बनाकर कलेक्टर को पेश करेंगे, फिर कलेक्टर इस पर आगे की व्यवस्था करेगी। वैसे स्कूलों में गैस सिलेंडर की व्यवस्था डीएसओ की जिम्मेदारी है, अभी ज्यादा व्यवस्था प्रभावित नहीं हो रही है। उधर, भारत गैस एजेंसी के संचालक दिनेश बुंदेल ने बताया कि भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड से मौखिक निर्देश मिले थे। आगामी व्यवस्था को देखते हुए स्कूलों में मिड डे मील के तहत पोषाहार आदि बनाने के लिए दिए जाने वाले गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद कर दी जाए। इसकी पालना में मंगलवार को ही कलेक्टर को पत्र लिखकर कंपनी के मौखिक निर्देशानुसार गैस सिलेंडरों की सप्लाई बंद कर दी है। इसकी प्रति गैस एजेंसी संचालक दिनेश बुंदेल ने डीएसओ भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ग्राम-लवेश, नसीराबाद (अजमेर) को भी भेजी है।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**टोंक।** निवाई के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निवाई डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।डीएसपी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करती है, बल्कि इसके कारण अनमोल मानव जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने बताया कि नशे का आदी होने के बाद व्यक्ति अक्सर अपराध की दुनिया में कदम रख देता है। शर्मा ने युवाओं से स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार को भी इस लत से दूर रखकर जीवन के वास्तविक मूल्य को समझने का आग्रह किया। उन्होंने साइबर क्राइम पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया और उनसे बचने के प्रभावी उपाय भी बताए। कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन के प्रति सहयोगात्मक भावना रखने वाले विद्यार्थियों के नाम श्पुलिस मित्र स्वयंसेवकोंश के रूप में दर्ज किए गए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रूपा चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग किया।

### दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या के विरोध में भरतपुर में कैंडल मार्च

**भरतपुर ।** खटीक समाज युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोज किरार व जिला अध्यक्ष छैन्पू हरजीत सिंह सांखला के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर कैंडल मार्च निकाले दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में होली के पर्व के दौरान युवक तरुण खटीक की असामाजिक तत्वों द्वारा की गई निर्मम हत्या के विरोध में सर्व समाज संगठन ने मथुरा गेट से बिजली घर चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। हरजीत सिंह सांखला ने कहा हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की भी मांग की गई।

### गैस एजेंसीज के बाहर लोगों की बढ़ी भीड़

**भरतपुर** (निस)। पश्चिम एशिया में चल रही लड़ाई का असर अब भारत पर भी पड़ रहा है, जिससे भरतपुर में कमर्शियल गैस की सप्लाई रुक गई है। इस कारण गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लग गई हैं और होटल भी बंद होने के कगार पर हैं।गैस बुकिंग का समय बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है, और लोग एडवांस में सिलेंडर भरवा रहे हैं।जिला रसद विभाग ने स्पष्ट किया है कि गैस की कमी नहीं है, लेकिन लोगों में अफवाह फैल गई है कि गैस की सप्लाई प्रभावित होगी। हालांकि यह बात सही है कि कमर्शियल बुकिंग शुरू नहीं हुई तो इसका सीधा असर व्यापार पर पड़ेगा।


**आम सूचना** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004
क्रमांक: F-JDA/Zone 08/2026/D-150
आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 273126 दिनांक 20/12/2025 को निम्नांकित भूखण्ड का Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) | Original Lease Deed (Patta) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | मूल आवंटी/लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृनि. स.स./निजी खातेदारी/जविप्रा योजना | योजना का नाम | सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया | कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Madhu W/o Ashok Kumar | श्रीमती बूली बाई पत्नी स्व. श्री झामनदास एवं मधु पत्नी श्री अशोक कुमार | 354 | 60.00 SQ.YARD | Cooperative | SACHIWALYA VIHAR SCHEME NO.27 Sector/Block- | Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) | रजिस्टर्ड उपहार कर, रजिस्टर्ड हक त्याग |

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Issue Free Hold E-Patta in lieu of already issued Patta (Lease Deed) Original Lease Deed (Patta) जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1779
चूंकि प्रार्थी श्री रामावतार बुनकर बुनकर मौहल्ला, शाहपुरा जिला जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री रामनाथ अलग सेवा समिति, पुलिया थाने के पास, खोरी रोड नूतन स्कूल के सामने, शाहपुरा जिला जयपुर राजस्थान-303103 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20.05.2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**कार्यालय आवासीय अभियंता राज. आवासन मण्डल, खण्ड कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)**
1/68, खान भांकरी रोड दौसा (राज.) (फोन-01427-223875)
(E-mail ID: redausa.rhb@rajasthan.gov.in)
**आवश्यक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 1/226, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 94.57 वर्ग मीटर का आवंटन श्री शंकर दास शर्मा पुत्र श्री आत्मा राम शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3707 दिनांक 01.03.1988 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 04.11.1988 को संभलवा दिया गया। श्री शंकर दास शर्मा द्वारा उक्त आवास का बेचना अप्रि.अपंजीकृत इकरारनामा, मुख्त्यारनामा व वसीयतनामा के दिनांक 14.01.1992 को श्रीमति उम्मेद कंवर पत्नि श्री बृजराज सिंह जोधाना के नाम कर दिया गया। श्रीमती उम्मेद कंवर के आवेदन पर मण्डल द्वारा नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 4911 दिनांक 07.11.2006 जारी कर इनके पक्ष में पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये जिन्हें उप पंजीयक कार्यालय सवाईमाधोपुर द्वारा दिनांक 28.05.2007 को पंजीकृत किये गये। श्रीमति उम्मेद कंवर की मृत्यु दिनांक 23.12.2017 को हो चुकी है। श्रीमति उम्मेद कंवर द्वारा मृत्यु से पूर्व अपने जीवनकाल में उप पंजीयक कार्यालय सवाईमाधोपुर से दिनांक 21.10.2016 को पंजीकृत वसीयत कर अपने दो पुत्रों श्री इन्द्रसिंह जोधाना व राजेन्द्र सिंह जोधाना पुत्रान श्री बृजराज सिंह जोधाना के नाम कर दिया गया था। श्री इन्द्रसिंह जोधाना ने वसीयत से मिली उक्त सम्पति को उप पंजीयक कार्यालय सवाईमाधोपुर से दिनांक 05.02.2026 को पंजीकृत गिफ्ट डीड करवाकर अपने भाई श्री राजेन्द्र सिंह जोधाना के नाम कर दिया गया। उक्त आवास के आवंटी श्रीमति उम्मेद कंवर की मृत्यु दिनांक 23.12.2017 को हो जाने के पश्चात उनके नामित उत्तराधिकारी पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह जोधाना पुत्र श्री बृजराज सिंह जोधाना ने उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अतः आवास संख्या 1/226 स्काउट फील्ड योजना सवाई माधोपुर के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह जोधाना पुत्र श्री बृजराज सिंह जोधाना के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
आवासीय अभियंता, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब, जयपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर**
क्रमांक-ग्रापहि/2526/77 दिनांक-09.03.2026
**ई-निविदा सूचना संख्या 07/2025-26**
पंचायत समिति सवाई माधोपुर के अधीन ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा में विभिन्न योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्ते व सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की वेवसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in देखे एवं डाउनलॉड किये जा सकते है।
(विजेन्द्र मीना)
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा
पं.स. सवाई माधोपुर
प्रशासक
ग्राम पंचायत हिम्मतपुरा
पं.स. सवाई माधोपुर

**निष्पादन अधिकारी दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.**
दीवान चैम्बर, नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाज़ार, जयपुर | फ़ोन नं. 0141-2573236
क्रमांक: RLB/7884/2025-26 **नीलामी की सूचना** दिनांक 11.03.2026
(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 100 एवं सपठित नियम 94 के अन्तर्गत)
(राजस्थान सरकार, सहकारिता विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक प.12 (33) सह/2012 पार्ट-01508 दिनांक 19-08-2025 के अनुसरण में)
27-03-2026 प्रातः 11:30 बजे से
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ऋणी सदस्यों द्वारा डिक्रीधारी दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. की बकाया ऋण राशि नहीं चुकाने के कारण कुर्क शुदा सम्पत्ति "जहां जैसी भी स्थिति में हैं, के आधार पर दिनांक 27-03-2026 को प्रातः 11:30 बजे वर्णित नीलामी स्थल पर खुली बोली से नीलाम की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति नियमानुसार नीलामी स्थल पर मौके पर उपस्थित होकर आवेदन कर बोली लगावे।

| ऋणी सदस्यों का नाम | सम्पति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| लीना शर्मा पत्नी व सहआवेदक कुनाल शर्मा निवासी प्लाट सं. बी-6, पंचायत समिति, सरकारी क्वार्टर, नगर निगम रोड, वार्ड नं. 48, सांगानेर, जयपुर | प्लाट संख्या 76, ग्रीन सिटी - II, दिल्ली बाईपास रोड, नारदपुरा, आमेर, जयपुर क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज | 7,50,000/- अक्षरे सात लाख पचास हज़ार रूपये | आरक्षित मूल्य का 2% राशि |

नीलामी स्थल :- दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. दीवान चैम्बर, नवाब साहब की हवेली, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर। (नीलामी की कार्यवाही से पूर्व नीलामी स्थल बदलने का अधिकार निष्पादन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
नीलामी की शर्तें:- नीलामी स्थल अथवा निष्पादन अधिकारी के उपरोक्त वर्णित कार्यालय अथवा डिक्रीधारी बैंक के प्रधान कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी या प्राप्त की जा सकती है। (सादत अली)
निष्पादन अधिकारी
दी राजलक्ष्मी महिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.